744. अपवाह क्षेत्र के विस्तार की दृष्टि से राजस्थान के नदी तंत्र का सही आरोही क्रम है-

(a) लूनी-माही-चंबल-बनास
(b) बनास-माही-लूनी-चम्बल
(c) चम्बल-लूनी-माही-बनास
(d) माही-बनास-लूनी-चम्बल

Patwar-Exam-2016 (Main) -24.12.2016

Ans. (*) – राजस्थान में अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से उपर्युक्त नदियों का सही आरोही क्रम निम्नवत् है-
बानस < माही < लूनी < चम्बल

नदी अपवाह तंत्र		**अपवाह क्षेत्र (राजस्थान)**
माही नदी	-	16,630 वर्ग किमी.
चम्बल नदी	-	31,239 वर्ग किमी.
लूनी नदी	-	37796.37 वर्ग किमी.
बनास नदी	-	46,999 वर्ग किमी.

स्रोतः Phd Water. Raj.gov.in
नोटः अतः उपर्युक्त विकल्पों में से कोइ भी कोई भी विकल्प सही नही है।

745. निम्नांकित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(a) घग्घर-मृत नदी (b) भोराट-पठार
(c) नागपानी-अरावली दर्रा (d) सेर-अरावली चोटी

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

Ans. (c) घग्घर नदी को मृत नदी कहा जाता है। भोराठ-पठार राजस्थान के कुम्भलगढ़ और गोगुन्दा के बीच स्थित है जिसकी औसत ऊँचाई 1225 मीटर है। सेर पर्वत चोटी अरावली की दूसरी सर्वोच्च चोटी है जिसकी ऊँचाई 1597 मीटर है। जबकि नागपानी अरावली पर्वत में स्थित कोई दर्रा नहीं है बल्कि यह अरावली पर्वत श्रेणी की एक पर्वत चोटी है, जिसकी ऊँचाई 867 मीटर हो

746. निम्नांकित में से कौनसा जोड़ा सही सुमेलित नहीं है?

(a) लूनी-सागी (b) चम्बल-अनास
(c) बनास-ढूण्ढ़ (d) साबरमती-माजम

पुस्तकालय (लाइब्रेरियन) भर्ती परीक्षा- 2019

Ans. (b) लूनी नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ है- जवाई, लीलड़ी, मीठड़ी, सूकड़ी, बांड़ी एवं सागी।
चम्बल की प्रमुख सहायक नदियाँ बनास, कालीसिंध और पार्वती हैं।
साबरमती नदी की प्रमुख सहायक नदियाँ सेई, हरनव, वेतरक, मेसवा, माजम, खारी, वाकल नदी हैं।
अनास नदी माही नदी की सहायक नदी है।

747. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गएकूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए-

सूची-I (त्रिवेणी संगम)		**सूची-II (नदियाँ)**	
(1)	बीगोद	(i)	बनास, बेड़च, मेनाल
(2)	राजमहल	(ii)	बनास, डाई, खारी
(3)	रामेश्वर घाट	(iii)	बनास, चंबल, सीप
(4)	बेनेश्वर	(iv)	सोम, माही, जाखम

कूट-
(a) 1-(i), 2-(iv), 3-(iii), 4-(ii)
(b) 1-(ii), 2-(iv), 3-(iii), 4-(i)
(c) 1-(i), 2-(ii), 3-(iii), 4-(iv)
(d) 1-(i), 2-(iii), 3-(ii), 4-(iv)

कनिष्ठ अनुदेशक कार्यशाला गणना एवं विज्ञान -2018
PATWAR PRE EXAM 13/02/2016

Ans. (c) : सही सुमेलित है-

सूची-I (त्रिवेणी संगम)		**सूची-II (नदियाँ)**
बीगोद (भीलवाड़ा)	-	बनास, बेड़च, मेनाल
राजमहल (टोंक)	-	बनास, डाई, खारी
रामेश्वर घाट (सवाई माधोपुर)	-	बनास, चंबल, सीप
बेनेश्वर (डूंगरपुर)	-	सोम, माही, जाखम

748. निम्नलिखित में से कौनसा (नदी-उत्पत्ति स्थान) सुमेलित नहीं है?

(a) सोम- बीछामेड़ा
(b) जाखम- छोटी सादड़ी
(c) बाणगंगा- सेवर पहाडियाँ
(d) रूपारेल- उदयनाथ पहाडियाँ

Kanisht Abhiyanta (Civil) 18.05.2022

Ans. (c) : सही सुमेलित है

नदी	**-**	**उत्पत्ति स्थल**
सोम	-	बीछामेड़ा (उदयपुर)
जाखम	-	छोटी सादड़ी (प्रतापगढ़)
बाणगंगा	-	बैराठ की पहाड़ी (जयपुर)
रूपारेल	-	उदयनाथ पहाडियाँ (अलवर)

749. निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?

	नदी		**सहायक नदी**
(a)	गम्भीरी	-	मेशवा
(b)	माही	-	जाखम
(c)	काली सिंधी	-	परवन
(d)	साबरमती	-	माजम

RPSC College Lecturer 31-10-2018

Ans. (a) : सही सुमेलित है

नदी	**-**	**सहायक नदी**
बेड़च	-	गम्भीरी
माही	-	जाखम
काली सिंघ	-	परवन
साबरमती	-	माजम

नोटः मेशवा साबरमती नदी की सहायक नदी है जो डूंगरपुर जिले से निकलती है।

750. निम्नलिखित युग्मों को दिए गए कूट की सहायता से सुमेलित कीजिएः

प्रमुख नदी	**सहायक नदी**
A. चंबल	(i) बांडी
B. लूनी	(ii) मान्सी
C. माही	(iii) वापणी
D. बनास	(iv) अनास

कूटः

	A	B	C	D
(a)	(iii)	(i)	(ii)	(iv)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(i)	(iv)	(ii)	(iii)
(d)	(iii)	(i)	(iv)	(ii)

सहायक सांख्यिकी अधिकारी, 2018